


निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर


# माली सैनी सन्देश


वर्ष : 16 अंक :199 28 फरवरी, 2022 मूल्य : 30/-प्रति





खुशहाल एवं समृद्धि राजस्थान की परिकल्पना वाला जन-जन को समर्पित चहुंमुखी विकास का रोडमैप प्रशस्त करता ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया है।

आम जनता के हित में लाभप्रद है स्वागत योग्य है मजूदर, किसान, विद्यार्थी, महिलाएं, युवाओं एवं कर्मचारियों के हित का है। प्रदेश के चहुँमुखी विकास को समर्पित जनकल्याणकारी बजट पेश करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का हार्दिक आभार हमें पूरा विश्वास है कि ये बजट प्रदेश की प्रगति का नई दिशा व गति प्रदान करेगा।

इतिहास में पहली बार आज बजट 2022 में अलग से कृषि बजट पेश हुआ। ये बजट किसानों के भविष्य को समृद्ध करने शुभकानाएं

**न पूछो मेरी मंजिल कहाँ है,**
**अभी तो सफर का इरादा किया है...**
**ना हारूंगा हौसला उम्र भर,**
**ये मैंने किसी से नहीं खुद से वादा किया है...**

*- अशोक गहलोत (मुख्यमंत्री, राजस्थान)*



# प्रदेशभर से जयपुर में जुटे सैनी समाज के हजारों लोगों का विधान सभा कूच

## सरकार ने मांगा 10 दिन का समय आरक्षण, फुले दंपति को मिले भारत रत्न की मांग

जयपुर। अलग से आरक्षण तथा फुले दम्पति को भारत रत्न देने सहित 11 सूत्री प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेश भर से सैनी माली समाज के लोगों ने 25 फरवरी को विधान सभा कूच किया। पुलिस ने रैली को 22 गौदाम पर रोक लिया। यहां सभा को प्रमुख पदाधिकारियों सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

फुले बिग्रेड के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी ने बताया कि समाज के सभी वर्गो के लोगों ने जयपुर पंहुच कर राज्य सरकार से समाज की जायज मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। सैनी के नेतृत्व में वार्ता के लिए एक दल सीएम और मुख्य सचिव कार्यालय पहुंचा। वार्ता के बाद दस दिन को समय दिया व महात्मा ज्योतिबा फूले कोर कमेटी बनाई, जो आगामी दिनों में अहम निर्णय लेगी। रैली में जयपुर के साथ ही यूपी, एमपी, दौसा, हिण्डोर, अलवर, अजमेर, कोटा, सवाई माधोपुर, बामनवास, टोंक व करौली सहित अन्य स्थानों से लगभग 50 हजार लोग जयपुर पहुंचे।

### समाज की ये है प्रमुख मांगे

*1. महात्मा ज्योति बा फूले बोर्ड के गठन 2. फुले फाउण्डेशन के निर्माण 3. समाज को अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण 4. सैनी रेजिमेंट के लिए प्रस्ताव बनाने 5. फुले दम्पति को भारत रत्न 6. संग्राहलय निर्माण 7. ज्योतिबा फुले दम्पति को भारत रत्न 8. ज्योति बा फुले और माता सावित्री बाई फुले के नाम पर शोध पीठ की स्थापना सहित 11 प्रमुख मांगे।*



माली सैनी समाज का राष्ट्रीय महा जनगणना मोबाइल ऐप डॉउनलोड कर अपने परिवार की जानकारी अवश्य जोड़े।
माली सैनी समाज

## संपादक की कलम से...

# देश भर में सैनी ही हमारी पहचान

क्या आप जानते है वर्ष 1902 ई. में जोधपुर व देश के अन्य प्रांतों में बागवानी व फल सब्जी का व्यवसाय करने वाले समाजों ने अपने अपने भाट/राव बहियों में दर्ज जाति अनुसार सैनी शब्द को जाति के रूप में इस्तेमाल करने लगे। शूर सैनी जाति का इतिहास तथा जोधपुर में वर्ष 1931 ई. में सैनिक क्षत्रिय की बढ़ती गतिविधियों को देखकर राजा महाराजाओं द्वारा क्षत्रिय राजपूत महासभा ने दिल्ली तथ हरियाण के माध्यम से सैनी समाज को चुनौती देकर आव्हान किया कि इस सत्य को सिद्ध करनें की सैनी ( माली ) क्षत्रिय है।

दिल्ली तथा हरियाणा सैनी सभा का शिष्टमण्डल चौधरी शिवलाल सैनी इतिहासकार की अध्यक्षता में जोधपुर पहुंचा। इस शिष्टमण्डल में चौधरी तुलसीराम गुड़गांव, बाबू किशनचंद सब्जी मण्डी दिल्ली, बाबू किशोरीलाल सैनी तथा देवीप्रसाद पहाड़ी धीरज के नाम उल्लेखनीय है। जोधपुर में चौधरी चतुर्भुज सैनी तथा चौधरी जगदीश सिंह गहलोत ( सैनी ) ने उक्त वरिष्ठ मण्डल की आगवानी की।

राजपूत महासभा ने जिसमें राजा महाराजाओं के गणमान्य प्रतिनिधि सम्मलित थे। सैनी शिष्ट मण्डल के विचारों को शांतिपूर्वक सुना गया साथ ही सैनी इतिहास का शोध पूर्ण स्वाध्याय किया। धार्मिक ग्रंथ स्मृति, पुराण तथा ताड़ राजस्थान के प्रमाणों को देखने के पश्चात शिष्ट मण्डल के साथ शंका समाधान करके उदार भाव से प्रेमपूर्वक सैनियों को सच्चा क्षत्रिय तथ अपना भाई मानकर राजसी सम्मान किया।

क्षत्रिय राजा महाराजाओं की मोहर लगाने के पश्चात सभी क्षत्रिय संगठनों ने सैनी समाज की प्रसिद्धि हो गई। इसी दौरान जोधपुर सैनिक क्षत्रिय समाज को भी 6 फरवरी, 1937 को एक आदेश प्राप्त हुआ जिसमें कहा गया कि माली समाज राजस्व रिकॉर्ड में 'सैनी क्षत्रिय समाज' जाति लिख सकते है।

इसी तरह मेवाड़ा माली, सागंरवशी माली, कुशवाह, फुलेरिया माली, सैनिक क्षत्रिय, रामी माली ( गुजराती ) आदि नामों से प्रचलित जातियों को क्षत्रिय माना गया है। हमारे क्षत्रिय समाज को भिन्न भिन्न काल में अलग अलग भी स्थानीय नाम देकर माली कर्म करने के कारण जाति के रूप में बोलचाल की भाषा में माली कहने लगे। लोकतंत्र में हमें अपनी पहचान बनानें व समाज की एकता के लिए सभी को सैनी जाति लिखकर पहचान बनानी चाहिए और सामाजिक राजनीतिक रूप से लाभ लेने के लिए संगठित हो अपनी राष्ट्रव्यापी पहचान सैनी समाज के नाम से करने के प्रयास अभी से करने होगें।

पूरे भारत में हमारा समाज 10 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या वाला समाज है लेकिन हम विभिन्न प्रांतों में अलग अलग नामों से पहचाने जाने के कारण सभी क्षेत्रों में लाभ नहीं ले पा रहे है , विशेषकर राजनीति में हमारा प्रतिशत लगभग नगण्य ही है और बिना राजनीतिक प्रतिनिधित्व के हम हमारे अधिकारों को प्राप्त नहीं कर सकते है।

इसलिए पुनः निवेदन है कि हम अपने नाम के साथ सैनी लगाना आज से ही आरंभ करें।



मनीष गहलोत
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# शराबी चालक द्वारा नवदम्पति को टक्कर मारने से हुई मौत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी को छोड़ने पर समाज में आक्रोश

**पुलिस ने लाठीचार्ज कर उत्पाती युवकों को खदेड़ा, पथराव के दौरान एक पत्थर सुनील परिहार के सीने पर लगा व कार क्षतिग्रस्त, कलेक्टर सहित आला अधिकारी पीपाड़ पहुंचे**

पीपाड़ शहर/भोपालगढ़। पीपाड़ शहर के पास दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में पति पत्नी की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने दूसरे दिन सोमवार को पीपाड़ व भोपालगढ़ शहर बंद कराया। वहीं, दो दिन से जारी धरना प्रदर्शन सोमवार शाम को कई दौर की वार्ता के बाद सहमति बनने के साथ ही खत्म हो गया। इसके बाद परिजनों ने शव उठा लिया और अंतिम संस्कार किया। इससे पहले दिन में कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल, रीको निदेशक सुनील परिहार पीपाड़ पहुंचे। कई दौर की वार्ता चली। आखिर में जनदबाव को देखते हुए प्रशासन ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा की तब धरना समाप्त किया।

वार्ता समाप्ति के दौरान कुछ उत्पाती युवकों ने थाने पर पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ा। पुलिस प्रशासन एवं संघर्ष समिति के बीच हुई सहमति में उप निरीक्षक बाबूलाल सीरवी व हेड कांस्टेबल भागीरथराम को तत्काल निलंबित करने के अलावा थानाधिकारी बाबूलाल राणा व हेड कांस्टेबल रेवंतराम को एपीओ किया जाएगा। साथ ही नियमानुसार सरकारी सहायता व भोपालगढ़ नगर पालिका में नियमानुसार योग्य होने पर सरकारी नौकरी दिलाने पर सहमति बनी। करीब चार बजे धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया।

जब समझौते की जानकारी धरना स्थल पर दी जा रही थी। इस दौरान भीड़ में से कुछ शरारती तत्वों ने थाने पर पत्थर फेंके। माहौल खराब होता देख पुलिस जवानों ने लाठी चार्ज कर खदेड़ा। पत्थरबाजी दौरान एक पत्थर रीको निदेशक सुनिल परिहार के सीने में लगा। वे दर्द से कहराते हुए नीचे बैठे। उन्हें लोगों ने संभाला। उनकी कार भी पत्थरबाजी में क्षतिग्रस्त हो गई। ज्ञात रहे कि पीपाड़ शहर से भोपालगढ़ की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवा दंपती गुड़िया व रामरतन देवड़ा की मौत के चलते माली समाज के




## मौत से कुछ समय पहले ही रामरतन ने गुड़िया को पहनाई थी वरमाला



भोपालगढ़। क्षेत्र के जयरामजी की ढाणी निवासी युवक रामरतन देवड़ा और उसकी पत्नी गुड़िया ने मौत से चंद घंटे पहले ही अपनी शादी में नहीं हो पाई रस्मों को निभाया और एक दूसरे को स्टेज पर वरमाला पहनाकर अपनी शादी में अधूरी रही खुशियों को भी पूरा किया। लेकिन अगले ही दिन सुबह घर पहुंचने से पहले ही हुए सड़क हादसे में दंपती की मौत हो गई। हुआ यूं कि जयरामजी की ढाणी निवासी रामरतन पुत्र भंवरलाल देवड़ा की शादी करीब चार साल पहले 2018 में भोपालगढ़ के जलजोग चौराहा निवासी गुड़िया से हुई थी और इनका मुकलावा पिछले साल सितम्बर में हुआ था। ऐसे में रामरतन व गुड़िया की शादी के दौरान स्टेज प्रोग्राम व वरमाला कार्यक्रम नहीं हो पाए थे।

**आखिर पूरी हुई वरमाला पहनाने की मुराद:** शुक्रवार शाम पीपाड़सिटी में उसके मौसी के बेटे भाई की शादी का रिसेप्शन था और इसमें स्टेज प्रोग्राम भी था। जिसमें रामरतन व गुड़िया भी गए थे। शादी के बाद से स्टेज प्रोग्राम की इच्छा रखने वाले रामरतन व गुड़िया ने भी परिजनों की सहमति के बाद रामरतन ने दूल्हा बने अपने मौसी के बेटे भाई का साफा पहना और बकायदा स्टेज पर चढ़कर रामरतन व गुड़िया ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसकी फोटोग्राफी करवाकर ये फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर खुशी भी जताई।

**दोस्तों संग जताई खुशी :** रामरतन व गुड़िया ने अपने मौसी के बेटे भाई की शादी में बने स्टेज पर चढ़कर एक-दूसरे को वरमाला पहनाने के फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए। इसको लेकर उसके कुछ दोस्तों ने भी पूछा तो उसने खुशी-खुशी बताया था कि उसने अपनी शादी में अधूरी रही इन खुशियों को अब पूरा किया है और भाई की शादी के इस आयोजन ने उसकी खुशियों को दोगुना कर दिया।

आन्दोलन के तहत बाजार बंद रहे। धरना प्रदर्शन में उपस्थित लोगों में पुलिस के प्रति भारी आक्रोश नजर आया। नारेबाजी करते रहे। प्रशासन ने आसपास के थानों से सुरक्षाकर्मी बुलाए। धरना समाप्त होते ही मृतक के शव को एंबुलेंस से भोपालगढ़ रवाना किया गया। वहां अंतिम संस्कार किया। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों लोग जुटे थे। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी पूरे प्रकरण पर नजर रखी जा रही थी। इसीलिए जोधपुर से रीको निदेशक सुनील परिहार के बाद कलेक्टर भी पहुंचे। पूर्व पालिका अध्यक्ष महेन्द्र सिंह कच्छावाह, कांग्रेस नेता शिवकरण सैनी ,जेपी देवड़ा, मनोनीत पार्षद सोहनलाल सांखला, पूर्व चेयरमैन बाबूलाल टाक, प्रभाकर टाक, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमराराम भाटी, युवा भाजपा नेता सुरेन्द्र टाक, भाजपा जिला महामंत्री धनराज सोलंकी, पार्षद सत्यनारायण भाटी, सुमित्रा कच्छावाह, सब्जी मंडी अध्यक्ष श्रवणराम टाक, माली समाज छात्रावास अध्यक्ष गोबरसिंह कच्छावाह पूर्व पार्षद रघुनाथ टाक, करणाराम कच्छावाह, कैलाश टाक, सम्पतराज सैनी, कल्याणसिंह टाक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**पुलिस पर गाड़ी बदलने व आरोपी को बचाने का आरोप :** भोपालगढ़ जयराम जी की ढाणी निवासी मृतक पति पत्नी गुड़िया व रामरतन देवड़ा पीपाड़ शहर में सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। पीपाड़ में एक दिन रुकने के बाद शनिवार दोपहर समय मोटरसाइकलि से अपने गांव जा रहे थे। इस बीच पीपाड़ बाईपास के पास दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर आरोपी को बचाने व सहयोग व गाड़ी बदलने के आरोप लगाए। भापालगढ़-पीपाड़ के बीच घूमते रहे अधिकारी जोधपुर से एडीएम सिटी सतवीरसिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिल के पंवार भी धरना स्थल पर पहुंचे। इसके अलावा उपखंड अधिकारी दुदाराम हूड्डा पुलिस उप अधीक्षक भूपेंद्रसिंह, तहसीलदार विरेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। वहीं, भोपालगढ़ भी बंद था तो वहां फलोदी के एडिशनल एसपी अरुण माल्या, भोपालगढ़ डिप्टी सुदर्शन पालीवाल, ओसियां डिप्टी नूर मोहम्मद, उपखण्ड अधिकारी हवाई सिंह यादव, तहसीलदार मनोहर सिंह, आसोप थानाधिकारी शंकर कड़वा, खेड़ापा थानाधिकारी गिरधारी ,भोपालगढ़ थानाधिकारी सरोज चौधरी, भू अभिलेख निरीक्षक देवाराम, हल्का पटवारी सोनाराम मौजूद रहे। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन भी दिया।

माली सैनी समाज

माली सैनी समाज का इतिहास अति प्राचीन, गौरवमयी तथा श्रम की साधना एवं महत्वत्ता का दस्तावेज है। हमारे समाज की प्राचीनता, वैदिक संस्कृति व परम्परा के साथ ही उद्योग, व्यवसाय, शैक्षणिक, सरकारी विभागों में प्रशासनिक सेवा, राजनीति क्षेत्र, खेल, और कृषक वर्ग से संबधित करती है। माली समाज प्राचीन काल से ही श्रमनिष्ठ, सेवाभावी, परोपकारी तथा सरल स्वभाव का धर्म परायण समाज रहा है जो प्रकृति के हृदय पर्यावरण की कोख और देशी अस्मिता से सम्पर्क में रहा है और जिसने अपने परिश्रम, मानवीय कर्मो से परिपूर्ण जीवन के आधार भारतीय समाजों में अपना एक विशिष्ट स्थान स्थापित किया है। ठेठ भारतीय ग्रामीण संस्कृति व जमीन से जुड़ा यही वो मेहनतकश समाज है जिसने हाड़-तोड़ परिश्रम कर अपने शरीर को जला-गलाकर शोषित होकर भी पूर्ण निष्काम भावना से पर हितार्थ कार्य करता रहा है। अपने पसीने से पके खाद्यान्नों से धरा के अन्य मानवों का पेट तथा देश के भण्डारों को भरता रहा है।

आज माली सैनी समाज ने आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनैतिक क्षेत्रों में बड़ी प्रगति की है। समृद्धि को प्राप्त किया है तो इसके पीछे कड़ा परिश्रम, सरलता और व्यवहार कुशलता ही प्रमुख आधार है। किन्तु प्रगति व विकास के साथ-साथ समाज के बंधुओं की व्यस्थता बढ़ी है, उनके मध्य दूरियों ने जगह बना ली है। अपनों से पहचान कम हुई है। परस्पर संवाद-संपर्क के तार टूट गए है और सामाजिक - स्नेह-स्त्रिधता भी ठोस हो गई है।

इन्हीं मुश्किलों और असुविधाओं से रूबरू हो माली सैनी संदेश का प्रकाशन 18 वर्षो पूर्व किया गया। जिसमें समाज तथा समाज के महापुरूषों, समाज के कार्यक्रमों के साथ ही प्रतिभाओं, सामाजिक संस्थाओं, धर्मशालाओं, भवनों की जानकारी के अलावा समाज में शिक्षा, सामाजिक एकता बढ़ाने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने, राजनैतिक सक्रियता से संबधित जानकारी एवं लेखों का प्रकाशन किया जाता है। माली सैनी संदेश पिछले 18 वर्षो से समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं है तो वह सिर्फ समाज के समाचारों की जानकारी के बल पर नहीं वरन समाज में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम परिचय सम्मेलन, महिलाओं का सम्मान, फैयर कैरियर कांउसलिग में अपने सहयोग से, हमारा यही उद्देश्य है कि हमारे समाज में भी ऐसे कार्य हो जिससे हमारा समाज अन्य समाजों की तरह सभी क्षेत्रों में आगे आयें तथा सामाजिक एकता की मिसाल कायम हो। हमारा यही प्रयास है कि समाज में रचनात्मक, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक क्षेत्रों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में समाज का वर्चस्व बढ़े तथा हमारा समाज भी देश के विकास में अपना प्रबल सहयोग प्रदान करें।

आज हमारे समाज की देशव्यापी जनसंख्या की कोई तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही हमारे पास आकड़े है हमारे सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आकड़े उपलब्ध नहीं है। इसी कमी को दूर करने के लिए हमनें समाज के एप के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जनगणना करने का निर्णय लिया है। हमारे इस एप में जनगणना के साथ ही अनेकों अन्य फीचर्स को भी जोड़ा गया है।

**अपने मोबाईल में माली सैनी समाज एप इस्टॉल करने के लिए :**

गुगल प्ले स्टोर में जाकर माली सैनी समाज टाईप करने पर हमारे लोगों के साथ एप की जानकारी आपको मिल जाएगी और आप इसे डाउनलोड कर सकेगें।

**एप में लॉगिन कैसे करें :**

सर्वप्रथम एप में आप अपना रजिस्ट्रेशन मांगी गई जानकारी के अनुसार भर आप फोन नंबर और अपने चुने गए पासवर्ड से लॉगिन कर सकते है। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन पर आप को सभी कैटगरी के अनुसार मीनू उपलब्ध होगा।

**जनगणना फॉर्म :**

समग्र भारत तथा विश्व के अन्य देशों में विद्यमान प्रत्येक माली सैनी व्यक्ति एवं परिवार का

# समाज का एप हुआ लांच, राष्ट्रीय महाजनगणना में रजिस्टर्ड कर बनें सहभागी

एक डेटाबेस तैयार करना तथा इस डेटाबेस को व्यक्ति, परिवार एवं समाज हित में उपयोगी बनाना। यह हमारा सामाजिक मास्टर डेटाबेस का निर्माण होगा। इस फार्म में आप अपने परिवार की पूरी जानकारी भेज समाज के प्रथम राष्ट्रीय महा जनगणना अभियान में अपना नाम रजिस्टर्ड करवा सकते है जिसके माध्यम से समाज की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, व्यवसायिक और देशभर में हमारी जनसंख्या की विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी।

**2. प्रिवलेज कार्ड :**

माली सैनी प्रिवलेज कार्ड समाज के सभी वर्गो को जोड़ने के लिए बनाएं जा रहे है। माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा संपूर्ण माली सैनी समाज के धार्मिक, संघीय, सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक आदि अनेक प्रकार के हितों की दृष्टि से माली सैनी प्रिवलेज कार्ड योजना का प्रारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण माली सैनी समाज के एक मास्टर डाटाबेस के निर्माण के बाद माली सैनी समाज के प्रत्येक सदस्य को माली सैनी प्रिवलेज कार्ड प्रदान किया जाएगा। यह कार्ड कई ष्टियों से लाभप्रद हो सकेगा। इसमें दिए क्यूआर कोड को स्कैन कर जानकारियां भी ले सकते है।

इस प्रकार एक विशाल डेटाबेस के आधार पर हम समाज के सभी वर्गो को विभिन्न कंपनियों, व्यवसासियों से कलेक्टिव बल्क बार्गेन कर डिस्काउंट उपलब्ध करवायेगें।

**कैसे बनेगा कार्ड :**

अपना प्रिवलेज कार्ड प्राप्त करने के लिए आप हमारी एप में प्रिवलेज कार्ड सेक्शन में मांगी गई जानकारी प्रदान कर केवल रू. 200/- ( Paytm, Google Pay, Phone Pay, UPI) के माध्यम से जमा कराकर अपने घर रजिस्टर्ड डाक से मंगवा सकेगे। साथ ही डिजिटल कार्ड हाथों हाथ डाउनलोड कर सकते है।

**3. सामाजिक प्रबुद्धजन :**


इसमें हमें हमारे समाज के गौरवशाली इतिहास के महापुरूषों के साथ ही धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, उद्योगपतियों, एवं युवा समाज रत्नों प्रतिभाओं के प्रेरक जीवन परिचय की विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी।

**4. मैगजीन :**

इस के माध्यम से हमें माली सैनी समाज की मासिक मैगजीन उपलब्ध होगी जिसके माध्यम से देश विदेश में समाज के होने वाले आयोजनों एवं अन्य समाजयोपयोगी जानकारियां भी प्राप्त होगी।

**4. पर्सनलटी ऑफ मंथ :**

इसमें हमें समाज के विशेष समाज रत्न जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्यो से समाज एवं देश को गौरवान्वित किया है उनकी जीवनी एवं उत्कृष्ट कार्यो की जानकारी उपलब्ध होगी।




**5. बिजनेस कार्ड :**

इसके माध्यम से देश भर में समाज के उद्योगपतियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की कैटगरी के साथ उनके संपर्क सूत्र एवं व्यवसाय की जानकारी मिलेगी।

माली सैनी समाज के व्यावसायिक डेटाबेस एवं बिजनेस डायरेक्ट्री का निर्माण। समाज के व्यवसायियों की नेटवर्किंग करना तथा आपस में व्यापार के अवसर उपलब्ध करवाना।

प्लेसमेंट सर्विसेज की तरह समाज के प्रतिष्ठानों में उपलब्ध रोजगार (जोब्स) की जानकारी उपलब्ध करवाना।

**6. सामाजिक न्यूज एवं कार्यक्रम :**

समाज के देश विदेश में होने वाले कार्यक्रमों एवं आयोजनों की जानकारी प्रदान करना। समय-समय पर आने वाली सरकारी, गैर सरकारी योजनाओं का यथा संभव लाभ समाज तक पहुंचाना।

**7. समाज की धर्मशालाएं :**

देश भर में समाज के द्वारा संचालित होने वाली धर्मशालाओं की विस्तृत जानकारी के साथ उनका पूरा एड्रेस जिससे हम किसी भी शहर में जाएं तो वहां हमें ठहरने की सुविधाएं मिल सकें। इसमें धर्मशला के पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध होगे।

**8. डायरेक्ट्रीज**

इसमें हमें समाज के सभी व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी जिससे अगर हमें किसी शहर में कहीं किसी प्रकार की तकलीफ हो तो इस एप के माध्यम से आस पास में रहने वाले समाज बंधुओं के संपर्क सूत्र और उनके एड्रेस की जानकारी प्राप्त कर मदद/सहायता प्राप्त कर सकते है। साथ ही इसमें मेप के माध्यम से सामाजिक व्यक्तियों के मोबाइल नंबर भी प्राप्त कर सकते है।

**हमारा उद्देश्य केवल समाचार पत्र का प्रकाशन करना ही नहीं वरन समाज में एक नई सोच एवं जागृति प्रदान करना है जिससे माली सैनी समाज के लिए जिन महापुरूषों का नाम आज हमारे समाज के साथ अन्य समाज भी गर्व से लेते है उस समाज का मान सम्मान और बढ़े तथा भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में फैले हमारे समाज की प्रतिभाओं का आदर और सम्मान हो, तभी हम समझेंगे कि हम अपने प्रयास में सफल हुए है।**

# 8वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़ों का विवाह

पावटा। कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फुले व आल इंडिया सैनी सेवा समाज के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को बसंत पंचमी पर्व पर 8वां सामूहिक विवाह सम्मेलन ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। सम्मेलन में 15 जोड़े हमसफर बने। कार्यक्रम का शुभारंभ जानकीदास महाराज ने अतिथियों की मौजूदगी में दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि दिलबाग सैनी ने समाज कि एकजुटता पर जोर देते हुए बालिका शिक्षा को बढावा देने की बात कही।

अति विशिष्ट अतिथि विराटनगर विधायक इन्द्राज गुर्जर, पूर्व विधायक डा. फूलचन्द भिण्डा, जमवारामगढ़ पूर्व विधायक रामचन्द्र सराधना, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड, कोटपूतली भाजपा विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल, कोटपूतली नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधी दुर्गाप्रसाद सैनी, शाहपुरा नगरपालिका चेयरमैन बंशीधर सैनी, थानागाजी चेयरमैन चौथमल सैनी, चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, विराटनगर नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि नरेन्द्र बबेरवाल, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य जगदीश मीणा, कोटपूतली नगरपालिका पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि महेन्द्र सैनी, गुड्डू सैनी, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष प्रागपुरा राजेंद्र पारीक, प्रागपुरा तत्कालीन सरपंच अशोक सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों पर बल देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन कराना सराहनीय पहल होती है। इससे फिजूलखचह्र पर अंकुश लगाता है। समाज उत्थान के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए।

सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष व आल इंडिया सैनी सेवा समाज प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह सैनी ने बताया कि संस्था की ओर 8 वां आदर्श सैनी समाज विवाह सम्मेलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें 15 जोडे परिणय सूत्र बंधन में बंधे। समारोह संयोजक जगदीश, ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, सचिव रामनिवास सैनी बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में लोगों की ओर से दिए गए सहयोग की जानकारी दी। इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति रामेश्वर सैनी, संरक्षक हनुमान सैनी, कोषाध्यक्ष प्रहलाद सैनी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष हजारीलाल सैनी, ब्लाक अध्यक्ष विराटनगर देहात रामसिंह पाथरान, आयोजन समिति सदस्य प्रहलाद सैनी, कैलाश सैनी, टसकोला पूर्व सरपंच मुकेश सैनी, पूर्व सरपंच व सलाहकार देवकरण सैनी, कूनेड तत्कालीन सरपंच नरपत सिंह, संगठन मंत्री सुरेश सैनी, विराटनगर अध्यक्ष पोखरमल सैनी, पूर्व सरपंच कैलाश सैनी, पूर्व सरपंच गोकुल सैनी, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र सैनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। बारात को तोरण की रस्म अदा करने के लिए रवानी दी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस अवसर पर किया ऐलान किया कि 1. राजस्थान में शादी विवाह के लिए 04 गोत्रों को कम करके आगे से 03 गोत्र का मिलान किया जाएगा। नानी का गोत्र अब आगे से छोड़ा जाएगा। 2. मृत्यु भोज व्यवस्था को कम करके उस राशि को समाज कार्यों में उपयोग किया जाए। 3. अगले वर्ष से सर्व समाज के लिए भी आयोजित किया जाए सामूहिक विवाह कार्यक्रम। 4. इसके साथ ही उनहोने समाज के लोगों की इच्छा स्वरूप रामसिंह सैनी को राजनीति रूप से आगे आकर समाज का प्रतिनिधित्व करने का भी आव्हान किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने वैवाहिक सूत्र में बंधे 15 जोड़ों को आशीर्वाद दिया।











# गुरुजी हरिकिशन सैनी की 55वीं पुण्यतिथि पर 215 लोगों ने किया रक्तदान















चौमू। गुरूजी हरिकिशन सैनी की 55 वीं जयंती के अवसर पर कोरोना गाइड लाइन की पालना करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले कॉलेज ऑफ नर्सिंग कैम्पस, गुरूजी हरिकिशन भवन में गुरुवार को संत सुवालाल तंवर गुरूजी हरिकिशन सैनी जनकल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में चतुर्थ विशाल रक्तदान शिविर एवं व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। शिविर में 215 लोगों ने रक्तदान किया। ममता ब्लर्ड सेन्टर द्वारा रक्त का संग्रह किया गया।

इस अवसर पर समिति संरक्षक कैलाश राज सैनी एवं परिवारगण, मित्रगण, स्नेह गण एवं एमजेएफ ग्रुप के समस्त स्टॉफ विद्यार्थियों ने गुरूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रार्थना सभा में पंडित राजकुमार शर्मा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के धार्मिक भजन, रामायण भजन व गीता के श्लोक इत्यादि धार्मिक भजनों द्वारा प्रार्थना की। संरक्षक कैलाश राज सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्त की एक बूंद मानव के जीवन को बचा सकती है। सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए।

गुरूजी के जीवनी प्रकाश डालत हुए बताया कि गुरुजी ने चौमू में राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं को स्थापित किया। उन्होंने राजकीय सेवा के दौरान गरीब बच्चों को वस्त्र, फीस, पुस्तकें आदि नि:शुल्क उपलब्ध करवाई। जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस अवसर पर पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष मदन लाल सतरावला, मदन लाल जादम, कल्याण सहाय पापटवाण, कैलाश बैनाडिया, सूरज मल ठेकेदार, जाट समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र सेरावत ने गुरू जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद लोगो को जागरूक करने के लिए व्याख्यानमाला का आवाज किया गया। व्याख्यान माला में तनाव एवं बचाव, कोरोना प्रभावित दुष्प्रभाव एवं रक्तदान के महत्व के बारे में विशेषज्ञ डीन, प्रोफेसर आर.एन. कच्छावाह ने मानसिक तनाव, डॉ कुंज बिहारी सैनी ने रक्तदान के महत्व, डॉ. शिवप्रसाद पालीवाल ने मानसिक तनाव, डॉ सचिन मित्तल ने कोरोना के दुष्प्रभाव व उपाय, दिनेश चौहान ने तनाव व बचाव, षिवांग पा ने कोरोना के दुष्प्रभाव, डॉ. महिपाल नाथाव हंसा सैनी ने रक्तदान के महत्त्व, डॉ. पपेन्द्र सैनी ने तनाव दूर करने के प्राकृतिक उपाय बताए।

अंत में संरक्षक कैलाश राज सैनी एवं अतिथियों ने रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन संगीता सैनी ने किया। इस मौके पर गौपाल लाल सैनी, संस्था निदेशक नेमीचन्द्र सैनी, हंसराज चौधरी, दिनेश सैनी, विवेकानंद तंवर शेलेन्द्र चौधरी, घीसा लाल सैनी, चन्द्र प्रकार गणेश बेनाडिया, डॉ बिजेश शर्मा सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वाले के खिलाफ समाज के अनेकों संगठनों के साथ प्रदेश भर में दिया गया ज्ञापन





जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज़ जोधपुर। एक्टिविस्ट गोवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ एक समाज को लेकर टिप्पणी की है। अब इन टिप्पणियों का विरोध शुरू हो गया है। इसको लेकर बुधवार को माली समाज के लोगों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देकर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

एक्टिविस्ट गोवर्धन सिंह की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफ़र्श्म पर लगातार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निशाने पर लिया जाता रहा है लेकिन हाल ही में गोवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ एक समाज को लेकर टिप्पणी की थी। अब इन टिप्पणियों का विरोध शुरू हो गया है। समाज के छात्र नेता बबलू सोलंकी ने बताया कि गोवर्धन सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शासन में एक विशेष समाज के लोगों को बड़े पदों पर बैठाया गया है। पूर्व छात्रसंघ महासचिव अंकित गहलोत अशोक भाटी मोहित सांखला ने बताया एडवोकेट गोवर्धन के खिलाफ प्रशासन जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें अन्यथा समाज के लोगों द्वारा एडवोकेट के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर अरविंद परिहार, अरविंद कछवाहा, मनीष गहलोत, आनंद सिंह परिहार, धर्मेश टाक अर्जुन गहलोत, धीरेंद्र सिंह गहलोत, प्रशांत कछवाहा, श्याम भाटी हरीश सांखला आदि मौजूद रहे।

# मशरुम प्रसंस्करण उत्पाद निर्माण हेतु प्रेमशंकर सैनी सम्मानित




बूंदी। राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापरा जयपुर के कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कुलपति प्रोफेसर जीत सिंह संधू व डॉ. अर्जुन सिंह बालोदा निर्देशक रारी दुर्गापुरा ने प्रेमशंकर सैनी नयाबरधा बून्दी को मशरूम की खेती एवं मशरूम से प्रसंस्करण मूल्य संवर्धित उत्पाद के निर्माण में उल्लेखनीय कार्य करने के फलस्वरूप सम्मानित किया।

इस दौरान समारोह मे उपस्थित नाबार्ड महाप्रबंधक वी.के.त्रिपाठी व मशरूम किंग डॉक्टर मोटाराम शर्मा, अनूकवर कानावत आमलदा ऑर्गेनिक भीलवाड़ा, डॉ. प्रदीप शेखावत, एसोसिएट प्रोफेसर (मशरूम विशेषज्ञ) भी मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. के. महाजनी एवं डॉ. हरीश वर्मा प्रोफेसर ने बताया कि प्रेम शंकर सैनी ने कृषि विज्ञान केंद्र बूंदी में आईसीएआर दिल्ली द्वारा संचालित आर्या परियोजना के अंतर्गत 21 दिवसीय मशरुम प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन का प्रशिक्षण प्राप्त किया तत्पश्चात इन्होंने एफएसएसएआई पैकेजिंग लाइसेंस लेकर मशरूम उत्पाद जैसे नमकीन, बिस्किट, अचार, पापड़ बनाना शुरू किया और बूंदी, जयपुर, हनुमानगढ़, कोटा में बेचना शुरू किया।

सैनी के सम्मानित होने पर कृषि विज्ञान केंद्र बूंदी एवं कृषि विश्व विद्यालय कोटा परिवार सहित अन्य साथियों ने बधाई दी। और बताया कि प्रेम शंकर ने बूंदी जिले में मशरूम जो प्रोटीन का अच्छा स्रोत है के उत्पाद कृषि विज्ञान केंद्र, बूंदी के तकनीकी व आर्या परियोजना के वित्तीय सहयोग से बनाना शुरू किया, मशरूम को डायरेक्ट खाना कम पसंद किया जाता हैं इसलिए कई अनसंधान व मानकीकरण के पश्चात इनके उत्पादों को बाजार में विपणन के लिये लाया गया।

# टेक्स–वे के सीईओ निरंजन महावर को एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर सम्मान

**समाज के युवा निरंजन महावर की कंपनी देश भर में 10,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से टैक्स वे भारत की सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी हैं**



अजमेर। टैक्स-वे ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीईओ एवं फाउंडर निरंजन महावर को एंटरप्रेन्योर ऑफ दी ईयर का सम्मान दिया गया है। यह सम्मान ग्लोबल बिजनेस आइकॉन के तत्वावधान में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में दिया गया। समारोह समिति ने बताया कि यह सम्मान प्रतिवर्ष देश के आर्थिकी व्यापार को सुगम एवं तीव्र बनाने वाले संस्थान को दिया जाता है।

समिति के प्रवक्ता उदय वीर सिंह बिंद्रा ने बताया कि टैक्स का देश की अर्थव्यवस्था और विकास में मुख्य योगदान रहता है तकरीबन 90 प्रतिशत लोग आज भी टैक्स संबंधी विषयों और उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक नहीं हैं। इसी राष्ट्रहित विषय पर लोगों को जागरूक करने और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने हेतु निरंजन महावर ने आम जनता का उनका आम भाषा में टैक्स भरने के लिए जागरूक किया। देश भर में फैली 10,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से टैक्स वे भारत की सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी हैं। टैक्स वे समूह टैक्स संबंधित मामलों के त्वरित एवं तकनीक निस्तारण में सबसे अग्रणी बना हुआ है। समूह का मुख्यालय अजमेर में है।

मुख्य अतिथि केएल गंजु (एडवाइजर टू द फॉरेन मिनिस्टर यूनियन ऑफ कोमोरोस), विंग कमांडर राजिंदर चौधरी वीएसम (आनरेरी काउंसिल जनरल ऑफ इंडिया टू लिथुआनिया) डॉ. नीरज ए शर्मा (आनरेरी काउंसिल जनरल ऑफ द रिपब्लिक ऑफ पलाऊ टू इंडिया), शबीना सुल्ताना (आनरेरी काउंसिल जनरल ऑफ द रिपब्लिक ऑफ तुनिशिया) के द्वारा सम्मानित हुए।

## किराए के एक कमरे के ऑफिस से भारत की प्रमुख कर सलाहकार कंपनी बनाने तक का सफर - निरंजन महावर



**बड़ा नहीं बहुत बड़ा सोचो - निरंजन**

यदि आप धैर्यशाली होने के साथ काम के प्रति समर्पित हैं, तो कड़ी मेहनत कर आप किसी भी सपने को मुकाम पर पहुंचा सकते हैं। टैक्स-वे ग्रुप ऑफकंपनीज के सीईओ निरंजन महावर की सफलता के पीछे भी कुछ ऐसी ही कहानी है। निरंजन ने पंद्रह साल पहले टैक्सेशन यानि कराधान को सरल बनाने के उद्देश्य से सुंदर विलास में 2000 किराए पर टैक्स-वे स्टार्टअप की शुरुआत की थी। आज कंपनी अजमेर में 500 लोगों को सीधे रोजगार दे रही है, जबकि देशभर में करीब 11,000 लोग फ्रेन्चाइजी के रूप में रोजगार पा रहे हैं। गुलाबबाड़ी में निरंजन का बीस हजार स्क्वायर फिट में खुद का दफ्तर है। **निरंजन बताते हैं - यह सब कुछ उनकी धैर्यशीलता, काम के प्रति समर्पित भाव और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। आज टैक्स-वे देशभर में जाना पहचाना नाम है। निरंजन लिटरेरी सोसायटी ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और टैक्स-वे टाइम्स न्यूज पेपर और मैग्जीन के चीफ एडिटर भी हैं।**

बहुमुखी प्रतिभा के हैं धनी निरंजन निरंजन महावर अब तक टैक्स और व्यवसाय प्रबंधन को लेकर चार पुस्तकें लिख चुके हैं। बिजनस का पहला नियम कि बिजनस का कोई नियम नहीं होता, शब्दों का जादू, सेल्स का फंडा और आईएम टैक्स जैसी लारजेस्ट सेल वाली पुस्तकें इसमें शामिल हैं। जिरंजन वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड होल्डर हैं। उन्हें वर्ष 2021 में इंटरप्रिन्योर ऑफ द ईयर से नवाजा जा चुका है। साथ ही वर्ष 2010 में राजस्थान गौरव सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी टैक्सेशन को लेकर निरंजन अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। सेल्स, मैनेजमेन्ट, लीडरशिप, फन्डिंग और फ्रेन्चाइजी के विज्ञान पर अपने गहन अनुभव साझा करते हैं। निरंजन मोटिवेशनल पोडकास्ट क्रियेटर भी है। इनको जियो सावन, अमेजन प्राइम, गाजा, स्पॉटिफाई, गूगल पोडकास्ट आदिपर सुना जा सकता हैं।

**टैक्स भरने का आसान तरीका अपनाने के लिए - कोल टैक्स-वे**

निरंजन का यह स्टार्टअप घर बैठे टैक्सेशन सर्विसेज मुहैया करवाने के लिए है। जिसमें समय-समय पर ग्राहकों को एसएमएस, कॉल या सॉफ्टवेयर के माध्यम से यह जानकारी दी जाती है कि कय आईटीआर फाइल करना है, और कौन-कौन से दस्तावेज चाहिए। यूं कह सकते हैं - टैक्स जमा कराने के लिए सबसे आसान तरीका यदि किसी के पास है तो वो हे टैक्स-वे। बस आपको सिर्फ एक कॉल करना है। यदि टैक्स भरने में आपको किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है तो कंपनी आपके घर पर टीम भेजकर समाधान करती है। यह सर्विसेज बहुत ही नॉमिनल दरों पर मुहैया करवाई जा रही हैं। सॉफ्टवेयर हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है इसलिए कंपनी से आज लाखों आहक जुड़े हैं। आयकर रिटर्न के साथ जीएसटी, ट्रेडमार्क, कॉपीराइड, पैन कार्ड सहितकर विभागों से जुड़े 200 तरह के कार्य टेक्स-वे के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचा रहे हैं। बिजनस-टू-बिजनेस हिट रहा यह फार्मूला टैक्स-वे का बिजनस-टू-बिजनस फार्मूला देशभर में हिट रहा। राज्य में इस फार्मूले से काम करने के बाद दूसरे राज्यों से टैक्स कंसलटेंसी की डिमांड आने लगी। इसके बाद मुंबई, दिल्ली, एमपी सहित अन्य राज्यों में इसे फ्रेंचाइजी माइयूल पर लागू किया, और नया कीर्तिमान स्थापित किया। शुरुआत के साथ सफलता मिलने लगी, और देखते ही देखते टेक्स-वे लोगों की जरूरत बनते चला गया। आज टैक्सेशन में निरंजन महावर जाना पहचाना नाम है, और उनके वीडियोज यू-ट्यूब पर देखे जा सकते हैं। यह वीडियो टैक्सेशन बिजनस, फ्रेंचाइजी बिजनस सहित तरहतरह की जानकारी देने वाले हैं। 50 ड्रीमर और जस्ट स्टार्टअप से सपने हो रहे हैं साकार निरंजन का मानना है कि किसी भी कारोबार को सफल बनाने के लिए फाइनेंस और टीम सबसे अहम हिस्सा है। यदि दोनों मजबूत हे तो आपकी मेहनत रंग जरूर लाएगी। टेक्स-वे के नये स्टार्टअप है- जस्ट स्टार्ट अप व 50-ड्रीमर। इसमें बेरोजगारों को कारोबार करने की टिप्स नि: शुल्क दी जाती हैं। यह ऐसा प्लेटफार्म है जिसमें संबंधित फील्ड के एक्सपर्ट से बेरोजगारों को व्यवसाय शुरू करने के लिए मार्गदर्शन दिलाया जाता है। एक तरह से यह उनकी सहायता की जाती है। इसी 50 ड्रीमर से मार्गदर्शन लेकर देशभर में कई बेरोजगार आज स्वयं का व्यवसाय संचालित कर रहे हैं. और इनमें से कई ऐसे हैं जिनका अच्छा खासा टर्नओवर है। वहीं जस्टस्टार्टअप लोगों को बिजनस मैनेजमेंट में हर छोटी से बड़ी मदद कर रहा है।

**इन व्यवसायों का कर रहे हैं सफल संचालन :** निरंजन महावर का सफर टेक्स-वे ग्रुप अॉफ कंपनीज के सफलता के साथ रुका नहीं। उन्होंने बारी-बारी से ई-टैक्स-वे योजना, गोटेक्स, जास्ट स्टार्टअप, बैगलेस इंडिया, टैक्स-वे बेन साइंस स्कूल, टेक्स-वे एजुकेशन, टेक्स-वे कॉलेज, टैक्सेशन फेक्ट्री,लास्का, किड्डू प्ले स्कूल, टेक्स-वेद्य प्रिंट, ग्रीन क्लबरिसोर्ट,टी-फूड एंड बैवरेज्स, टेक्सवे पब्लिकेशन्स सहित 20 अन्य व्यवसाय प्रारंभ किए और वर्तमान में उनका सफल संचालन भी कर रहे हैं।

जन्म जयन्ती 2 फरवरी



# बिहार के लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद

धनुष और सोनम कपूर की सुपरहिट फिल्म रांझणा का अंतिम दृश्य याद होगा, जब सत्ताधारी पार्टी ने सत्ता के लिए चुनौती बन रहे धनुष की सभा में उपद्रव कराकर हत्या करा दी थी। कुछ ऐसा ही दृश्य 1974 में बिहार में सचमुच बना था। धनुष की जगह निशाना बने थे सत्ता और सामंतों को चुनौती दे रहे शोषित समाज दल के अध्यक्ष जगदेव प्रसाद, जिन्हें बिहार लेनिन भी कहा जाता है। 1974 का वह साल था, जब शिक्षक दिवस के दिन यानी पांच सितंबर को जगदेव प्रसाद की हत्या करवा दी गई थी। रांझणा को मारने में सत्ताधारी पार्टी ने गुंडों का इस्तेमाल किया था, जबकि जगदेव प्रसाद की हत्या में सामंती गुंडे और सरकारी अमला शामिल था। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि उस दिन अरवल जिला के कुर्था में उनकी जनसभा थी। हजारों की भीड़ उमड़ रही थी। प्रशासन लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में अवरोध पैदा कर रहा था। जगदेव प्रसाद का भाषण जैसे ही शुरू हुआ, सभा में उपद्रव शुरू किया गया और एक डीएसपी ने जगदेव प्रसाद पर गोली चला दी। कुछ और भी गोलियां चलाई। दलित छात्र नेता लक्ष्मण चौधरी वहीं शहीद हो गए। कुल 27 राउंड गोलियां चली थीं। रांझणा की मौत तो अस्पताल में हुई थी, लेकिन जगदेव प्रसाद को वह भी नहीं मयस्सर नहीं हो सका। जगदेव प्रसाद के गले में गोली लगी और वे बुरी तरह से घायल हो गए। समर्थकों ने उन्हें जीप में बिठाकर अस्पताल ले जाना चाहा। परंतु सत्ता और सामंतों के पालतु वर्दी वाले गुंडों ने लाठी बरसाकर समर्थकों को भगा दिया और घायल जगदेव प्रसाद को अस्पताल के बजाय थाने ले गए। कहा जाता है कि थाने में उनके सीने को बंदूकों के कुंदे से तब तक पीटा गया, जब तक कि मौत न हो जाए।

**भगत सिंह की तरह शव गायब करने की साजिश :**
जगदेव प्रसाद की हत्या की खबर सुनते ही जनता बौखला गई। जैसे ब्रिटिश हुकूमत ने जन आक्रोश से बचने के लिए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शव को गायब करने की साजिश की थी, वैसी ही साजिश जगदेव प्रसाद के साथ भी की गई। कहा जाता है कि प्रशासन ने उनके शव को डाल्टेनगंज के जंगलों में ले गया। उनकी मौत की खबर भी समचार में प्रसारित करने से रोक दिया गया। हालांकि बीबीसी ने उनकी मौत की समाचार दे दी। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि कुर्था में शांतिपूर्वक चल रही जनसभा में पुलिस ने जगदेव प्रसाद की हत्या कर दी। हत्या दोपहर में की गई थी लेकिन अगले दिन सुबह तक जगदेव प्रसाद का शव का पता नहीं चल सका। पटना में बीपी मंडल, रामलखन सिंह यादव, भोला प्रसाद सिंह, दारोगा प्रसाद राय जैसे नेताओं ने तब के मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर से मिलकर कहा कि जगदेव प्रसाद की लाश अगर पटना में जल्द नहीं लाई गई तो पूरा बिहार जल जाएगा। इस दबाव के कारण शव को प्रशासन छह सितंबर को दोपहर तक पटना लेकर पहुंचा। सात सितंबर 1974 को उनकी अंतिम यात्रा में लाखों लोग शामिल हुए।

**सत्ता और सामंत को इसलिए था खौफ**

जगदेव प्रसाद की राजनीति डॉ. राममनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी से शुरू हुई थी। 1967 में जब संविद सरकार बनी और मुख्यमंत्री महामाया प्रसाद बनाये गए, तब उनका लोहिया से मतभेद हो गया। मुख्यमंत्री का पद एक सवर्ण को दिये जाने का विरोध किया और पार्टी से अलग हो गए। शोषित दल बनाया और अगले साल 1968 में महामाया प्रसाद की सरकार गिरने के बाद सरकार भी बनाई। अहीर जाति से सम्बंध रखने वाले बीपी मंडल को मुख्यमंत्री बनवाया खुद जगदेव बाबू बने सिंचाई मंत्री क्योंकि जगदेव बाबू की दिलचस्पी राजनीति में कम और समाज को जागृत करने में अधिक था। उन्होंने बताया कि शोषण की नींव धर्म पर टिकी हुई है। भाग्य और भगवान आदि काल्पनिक बातों से लोगों को डराकर शोषण किया जा रहा है। सभी इंसान बराबर हैं। न तो सामंतों को विशेष अधिकार प्राप्त है और न ही सवर्णो को। उनका नारा गली-गली गूंज उठा था- 100 में 90 शोषित है, 90 भाग हमारा है। जगदेव प्रसाद ने ही पिछड़ों और दलितों की गठजोड़ की रूपरेखा तय की थी, जो सामाजिक न्याय का रास्ता बना। धर्म और उसके नाम किए जा रहे पाखंडों को जगदेव प्रसाद जिस तरह उजागर कर रहे थे और शोषितों को जगा रहे थे, वह सामंतों और सत्ताधीशों को खटकने लगा।

उनकी हत्या भी जिस तरह से हुई थी, साफ जाहिर है कि उसका षड्यंत्र काफी पहले से रचा जा रहा होगा। हत्या से पहले ही कुर्था और आसपास के तमाम पुलिस अधिकारी सवर्ण नियुक्त किए जा चुके थे। जगदेव प्रसाद ने अपने कई साथियों से कहा था कि कुर्था वाली सभा में कुछ अनहोनी हो सकती है क्योंकि प्रशासन में उनके कुछ करीबी लोगों ने संकेत दिए थे। रांझणा के धनुष को भी तो उसके शुभचिंतक पुलिसवाले ने आगाह किया ही था। परंतु, जगदेव प्रसाद और धनुष दोनों ही अपने लक्ष्य को लेकर इतने भावुक, समर्पित और जुनूनी थे कि जान पर खेल गए। धनुष का जुनून और जगदेव प्रसाद कुशवाहा का शोषितों को जगाने के लिए।

**5 सितम्बर के शहादत दिवस पर शोषितों के इस मसीहा को विनम्र श्रद्धांजलि :** अमर शहीद जगदेव प्रसाद, संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री शोषित समाज दल का शहादत दिवस है। आज ही के दिन पाँच सितम्बर 1974 में बहुसंख्यक समाज नब्बे प्रतिशत लोग कल्याण हेतु आंदोलन के क्रम में पुलिस की गोली से कुरथा ब्लॉक में मारे गये थे। सात सूत्री माँग आज भी अधूरा है जबकि दलित राष्ट्रपति, ओबीसी समुदाय से पीएम/ सीएम है। बताओ भाईयों/बहनों नब्बे प्रतिशत समुदाय के लोग गुलाम है या अजाद है। मेरी समझ से भारत के नब्बे प्रतिशत जनसंख्या वाले लोग गुलाम है और दस प्रतिशत जनसंख्या वाले समुदाय के लोग स्वतंत्र हैं । कैसे ? पढ़े और समझे बहुसंख्यक समाज के लोग के लिए काका कालेलकर आयोग ने 1956 में भारत सरकार के सिफारिश किया, लेकिन कुछ नहीं मिला।

# वयोवृद्ध सुगनाराम कच्छवाह ने 61वें परिण्योत्सव उत्सव पर की अनुठी पहल

## अनेकों संस्थाओं को दानराशि भेंट करने के साथ गौ-सेवा, शिक्षा, पर्यावरण के सामग्री की भेंट

नागौर। हैदराबाद प्रवासी व ताऊसर निवासी दंपति ने अपने जन्मभूमि पर 61वां परिणयोत्सव मनाकर तथा विभिन्न सेवा व सहयोग कार्य करके समाज जीवन में उदाहरण प्रस्तुत किया । अतूसर, ताऊसर निवासी सुगनाराम कच्छवाह व जमुना देवी की विवाह वर्षगांठ मनाई गई । सामाजिक कार्यकर्ता बालकिशन भाटी ने बताया कि उनके पुत्र रामकिशोर, सुरेश कच्छावा ने अपने माता पिता की वैवाहिक वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई जिसमें हैदराबाद से प्रवासी बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

इस वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कच्छवाह परिवार द्वारा गांव में निकासी धूमधाम से निकाली गई। पूरे गांव में नाच गाने के साथ अपने घर पर आए तथा कार्यक्रम आयोजित हुआ। विवाह वर्षगांठ पर सुबह के समय सुंदरकांड का पाठ किया गया उसके बाद का तुलादान किया गया जिसमें गुड़, चांदी का सिक्का व सोने की नथ रखी गई । इस सामग्री को जरूरतमंद व गौशाला में प्रदान किया गया , हैदराबाद में व्यवसाय करने वाले कच्छवाह पूरा भरा पूरा परिवार है जो हैदराबाद में निवास करते हैं । संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान , अमरपुरा नागौर के कोषाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि परिवार ने थोड़े दिन पहले मोबाइल पर इस तरह का एक आयोजन देखा था जो उनको काफी पसंद आया और उसकी चर्चा अपने घर परिवार में की गई । सभी द्वारा यह प्रोग्राम अपने गांव में ही करने की इच्छा व्यक्त की गई, पिछले 6 महीने से इस प्रोग्राम की तैयारी की जा रही थी ।

वर्तमान में सुगनाराम की उम्र करीब 81 वर्ष है उनकी सहमति ली गई । नियत तिथि को पूरे परिवार द्वारा हैदराबाद से गांव आकर विवाह वर्षगांठ की तैयारी की गई। कुछ दिन पहले ताऊसर गांव में स्थित गौशाला में जागरण प्रोग्राम में तथा जमवाय माता मंदिर भी सुगनाराम द्वारा प्रत्येक में एक एक लाख का अर्थ सहयोग दिया गया। इस 61वीं विवाह वर्षगांठ पर सुगनाराम द्वारा अपने परिवार को 61 पेड़ लगाने व 61 किलो गुड गायों के लिए, 61 क्विंटल हरा चारा गायों के लिए, 661 किलो पक्षियों के लिए दाना तथा 61 जरूरतमंद बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकें एवं *61हजार की राशि माली समाज में शिक्षा के लिए घोषणा की गई । सुगनाराम के भरे पूरे परिवार में बेटे, पौत्र प्रपोत्र सभी ने राजस्थानी संस्कृति के अनुसार स्वागत गीत , राजस्थानी परंपरा के अनुसार विवाह वर्षगांठ नाच गाने धूम-धड़ाके से मनाई । इस अवसर पर जाकिर गैसावत पूर्व विधायक, आईदान राम भाटी पूर्व उपप्रधान पंचायत समिति नागौर, मूलचंद भाटी कृषि मंडी अध्यक्ष, मूलचंद पंवार सरपंच प्रतिनिधि ताऊसर, भंवर लाल सांखला पूर्व सरपंच ताऊसर, हीरालाल भाटी, दिनेश देवड़ा गांधी दर्शन समिति अध्यक्ष, मोहब्बत राम पंवार, तिलोक चंद भाटी, सुखराम भाटी, पुखराज भाटी, देव किशन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। सुगनाराम खेती-बाड़ी का कार्य करते थे और अपने परिवार को खेती-बाड़ी से व्यापार के सिलसिले में हैदराबाद भेजा और आज उनका परिवार हैदराबाद में होलसेल में ड्राई फ्रूट किराना, नारियल खोपरे का काम करते हैं ।







# बालाजी सेवा संस्थान के 13वें रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्त संग्रहित

अजमेर। बालाजी सेवा संस्थान, अजमेर के तत्वावधान में तेजाजी की देवली, नया घर, गुलाब बाड़ी में एक दिवसीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । बालाजी सेवा संस्थान का 13वाँ स्वैच्छिक रक्त दान शिविर आयोजन था, इसमे जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय की टीम और जनाना अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रह मे अपनी सेवाऐ प्रदान की। समस्त कार्यक्रम प्रशासनिक गाईड लाईन की पालना मे किया गया। कार्यक्रम हर वर्ष की भांति सुबह 10.00 बजे से दोपहर 4.00 तक किया गया।

